UCOST post structure

[redacted]

संख्या: /XXXVIII/09-01/2001 TC

प्रेषक,

राजीव चन्द्र,
सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद,
देहरादून।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुभाग: देहरादून: दिनांक: 10 दिसम्बर, 2009

विषय: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तराखण्ड के विभागीय ढाँचे का पुनर्गठन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तराखण्ड के विभागीय ढांचे में कार्यालय–ज्ञाप संख्या. 1985/XXXVIII(1)/01–वि0प्रौ0/2002, दिनाक 05.10.2005 के द्वारा पदों का सृजन किया गया था। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मुख्यालय), क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, बौद्धिक सम्पदा अधिकार केन्द्र के लिए पूर्व में सृजित पदों को परिवर्तित एवं परिवर्द्धन करते हुये सम्यक निर्णयोपरांत निम्नवत् अतिरिक्त पदों के सृजन तथा संगठनात्मक ढाचें के संशोधन की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं –

(अ) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मुख्यालय)

| क. सं. | पदनाम | वेतनमान | पूर्व में स्वीकृत पदों की संख्या | अतिरिक्त नियमित पदों की संख्या | कुल पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | निदेशक | 37400–67000 ग्रेड पे 10000 | 01 | – | 01 | – |
| 2 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी | 15600–39100 ग्रेड पे 6600 | 01 | 01 | 02 | – |
| 3. | वैज्ञानिक अधिकारी | 15600–39100 ग्रेड पे 5400 | 01 | 01 | 02 | – |
| 4. | प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड–2 | 9300–34800 ग्रेड पे 4200 | – | 01 | 01 | – |
| 5. | वैज्ञानिक सहायक | 9300–34800 ग्रेड पे 4200 | 02 | 02 | 04 | – |
| 6. | कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक | 5200–20200 ग्रेड पे 2800 | – | 02 | 02 | – |
| 7. | लेखाकार | 9300–34800 ग्रेड पे 4200 | 01 | – | 01 | वित्त सेवा |
| 8. | आशुलिपिक | 5200–20200 ग्रेड पे 2400 | 02 | – | 02 | |
| 9. | कनिष्ठ सहायक | 5200–20200 ग्रेड पे 1900 | – | 02 | 02 | – |

......2/-

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | विविध कार्य/ पुस्तकालय सहायक | 5200-20200 ग्रेड पे 1900 | - | 01 | 01 | |
| 11 | चपरासी कम चौकीदार | 4440-7440 ग्रेड पे 1300 | 02 | 01 | 03 | |
| | कुल योग | | 10 | 11 | 21 | - |

- क्रमांक संख्या-2, 3, 5 एवं 6 में अंकित पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा/बाह्य स्रोत से की जायेगी तथा नियुक्ति की योग्यताएं/अर्हताएं भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निर्धारित मानकों एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में प्रचलित संबंधित नियमावलियो के अनुरूप होंगी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा निरूपित नियमावली के तहत की जाएगी व भर्ती प्रक्रिया भी तद्नुसार होगी।
- क्रमांक-4 पर अंकित प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड-।। के पद पर प्रतिनियुक्ति शासन की अनुमति से की जाएगी।
- क्रमांक संख्या-7,8,9,10 व 11 पर अंकित पदों यथा लेखाकार/आशुलिपिक/कनिष्ठ सहायक/विविध कार्य/पुस्तकालय सहायक/चपरासी कम चौकीदार के पदों को प्रतिनियुक्ति/संविदा/बाह्य स्रोत के माध्यम से भरा जायेगा।
- वाहन एवं वाहन चालक को यथा आवश्यक प्रोक्योरमेंट रूल्स के अधीन आवश्यक अवधि हेतु आऊट सोर्सिंग पर लिया जायेगा।

(ब) क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र

| क्र सं. | पदनाम | वेतनमान | पूर्व में स्वीकृत पदों की संख्या | अतिरिक्त नियमित पदों की संख्या | कुल पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | परियोजना अधिकारी | 15600-39100 ग्रेड पे 6600 | - | 01 | 01 | - |
| 2 | प्रबन्धक मार्केटिंग | 15600-39100 ग्रेड पे 5400 | - | 01 | 01 | - |
| 3 | प्रबन्धक जन सम्पर्क | 15600-39100 ग्रेड पे 5400 | - | 01 | 01 | - |
| 4 | कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी | 9300-34800 ग्रेड पे 4200 | - | 02 | 02 | - |
| 5 | डी0टी0ई0आपरेटर | 9300-34800 ग्रेड पे 4200 | - | 02 | 02 | - |
| 6 | प्रदर्शक | 9300-34800 ग्रेड पे 4200 | - | 02 | 02 | - |
| 7 | कनिष्ठ सहायक/ डाटा एन्ट्री आपरेटर | 5200-20200 ग्रेड पे 1900 | - | 02 | 02 | - |
| 8 | प्लान्ट आपरेटर | 5200-20200 ग्रेड पे 1900 | - | 01 | 01 | - |
| 9 | अनुसेवक | 4440-7440 ग्रेड पे 1300 | - | 04 | 04 | - |
| | योग | | - | 16 | 16 | - |

..........3/-

- परियोजना अधिकारी के पद की पूर्ति संविदा/प्रतिनियुक्ति/बाह्य स्रोत पर की जाएगी।
- उपरोक्त तालिका के क्रमांक-2, 3, 4, 5 एवं 6 में अंकित पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा/बाह्य स्रोत से की जायेगी तथा क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र का संचालन राजस्व मॉडल आधार पर किया जाएगा।
- उपरोक्त तालिका के क्रमांक-7, 8 व 9 में अंकित पदों यथा कनिष्ठ सहायक/डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्लान्ट आपरेटर तथा अनुसेवक के पदों को प्रतिनियुक्ति/संविदा/बाह्य स्रोत के माध्यम से भरा जायेगा।
- वाहन एवं वाहन चालक को यथा आवश्यक प्रोक्योरमेंट रूल्स के अधीन आवश्यक अवधि हेतु आऊट सोर्सिंग पर लिया जायेगा।

## (स) बौद्विक सम्पदा अधिकार केन्द्र

| क. सं. | पदनाम | वेतनमान | पूर्व में स्वीकृत पदों की संख्या | अतिरिक्त नियमित पदों की संख्या | कुल पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी | 15600-39100 ग्रेड पे 6600 | - | 01 | 01 | - |
| 2. | वैज्ञानिक अधिकारी | 15600-39100 ग्रेड पे 5400 | - | 01 | 01 | - |
| 3. | चपरासी कम चौकीदार | 4440-7440 ग्रेड पे 1300 | - | 02 | 02 | - |
| | योग | | - | 04 | 04 | - |

- क्रमांक-1 एवं 2 में अंकित पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा/बाह्य स्रोत से की जायेगी तथा नियुक्ति की योग्यताएं/अर्हताएं भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा निर्धारित मानकों एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा निरूपित नियमावली के तहत की जाएंगी तथा भर्ती प्रकिया भी तदनुसार होगी।
- क्रमांक- 4 पर अंकित पद अनुसेवक/चौकीदार को प्रतिनियुक्ति/संविदा/बाह्य स्रोत से लिया जायेगा।
- वाहन एवं वाहन चालक को यथा आवश्यक प्रोक्योरमेंट रूल्स के अधीन आवश्यक अवधि हेतु आऊट सोर्सिंग पर लिया जायेगा।

2. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मुख्यालय), विज्ञान केन्द्र तथा बौद्धिक सम्पदा अधिकार केन्द्र हेतु सृजित पदों को भरे जाने के संबंध में शासन की पूर्वानुमति प्रदान की जाए। पदों की भर्ती/पदोन्नति आदि में सेवा नियमावली प्रख्यापित होने तक पूर्व प्रचलित नियमों के अनुसार होंगी।

3. उक्त ढ़ांचे में वैज्ञानिक कार्यों से संबंधित पदों पर प्रतिनियुक्ति/संविदा/बाह्य स्रोत से पूर्ति की जाएगी तथा लेखासंवर्ग के पदों का वेतनमान एवं सुविधायें उनके संवर्ग के अनुसार होंगी।

4. उपरोक्त पदों के संबंध में सेवा नियमावली भी प्रख्यापित कराते हुये उन पदों पर भर्ती/चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सकेगी। संविदा के पदों पर नियुक्ति हेतु संविदा की शर्तें कार्मिक विभाग एवं वित्त विभाग के परामर्श से तय की जायेगी।

5. उपरोक्त पद के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते, जो भी नियमानुसार अनुमन्य होगें, देय होंगे।

............4/-

6. पूर्व में पदों के सृजन के संबंध में शासनादेश संख्या: 1985/XXXVIII(1)/01-वि0प्रौ0/2002, दिनांक 05.10.2005 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाए।

7. कृपया उपरोक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

8. यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 सं0-100 P/XXVII(5)/2009, दिनाँक 10 दिसम्बर, 2009 मे प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राजीव चन्द्र)
सचिव।

संख्या: 494 (1)/XXXVIII/09-01/2001 (TC), तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबराय भवन, माजरा, देहरादून।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमायूँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, देहरादून।
6. वित्त अनुभाग-5/गोपन अनुभाग।
7. नियोजन प्रकोष्ठ अनुभाग।
8. उप-निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस आशय से प्रेषित की अधिसूचना को आगामी राजपत्र में प्रकाशित कराने के साथ 100 प्रतियां शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
9. एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
10. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(लक्ष्मण सिंह)
अनु सचिव।